पश्चिमी सिंहभूम में पहली बार बहु-कौशल केंद्र के लिये समझौता ज्ञापन

चर्चा में क्यों?

27 जून, 2022 को पश्चिमी सिंहभूम ज़िला प्रशासन और टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के बीच बहु-कौशल केंद्र की स्थापना के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।

प्रमुख बिंदु

- इस समझौते पर अनन्या मित्तल (आईएएस), (उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम) और सौरव रॉय (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टाटा स्टील फाउंडेशन) ने हस्ताक्षर किये।
- यह केंद्र क्षमता निर्माण और इस क्षेत्र में मुख्यरूप से आदिवासी समुदायों के युवाओं के बीच रोज़गार सृजन तथा उद्यमिता के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का एक बहु सेट प्रदान करेगा।
- टाटा स्टील फाउंडेशन केंद्र के नियमित रखरखाव के साथ ही प्रारंभिक बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने का कार्यभार संभालेगा। इसके अलावा प्रशिक्षण भागीदारों, प्रशिक्षकों और उपकरणों की व्यवस्था को भी टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा समर्थित किया जाएगा।
- केंद्र सरकार के 'मेक इन इंडिया' अभियान को ध्यान में रखते हुए यह केंद्र आपूर्ति शृंखला में गोदाम पैकेजिंग, ऑटो सेवा तकनीशियन, सहायक तकनीशियन और मोबाइल असेंबली सहित चार पाठ्यक्रमों के साथ शुरू होगा। ये सभी तीन-छह महीने के पाठ्यक्रम हैं।
- इस तरह के कार्यक्रमों को कौशल विकास पर सार्थक विकल्पों के साथ सबसे कमज़ोर पृष्ठभूमि के युवाओं तक पहुँचने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है, जो आय सृजन के माध्यम से एक स्थायी आजीविका सुनिश्चित करेगा।
- एक बार तैयार हो जाने पर यह केंद्र बहुत सारे युवाओं के लिये रोज़गार सुनिश्चित करेगा, जो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और अंतत: देश भर के औद्योगिक क्षेत्रों में कुशल कर्मचारियों की मांग को पूरा करने में योगदान देंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-for-multi-skill-center-in-west-singhbhum